दूरभाषः 05278–245957
फैक्सः 05278–248123

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांकः लो0अ0वि0 / कु.स.का. / 2020–613 दिनांकः 13 अक्टूबर, 2020

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, आवासीय परिसर।
2. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध।

**विषयः दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को ''विश्व हाथ धुलाई दिवस'' पर जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 4092 / सत्तर–3–2020–08(51) / 2020, दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 की संलग्न छायाप्रति का अवलोकन करने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को ''विश्व हाथ धुलाई दिवस'' के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। ''विश्व हाथ धुलाई दिवस'' और साफ पानी से हाथ धुलाई के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और व्यवहार परिवर्तन संचार के लिये समर्पित है। इस वर्ष ''हाथ धुलाई दिवस'' का विषय है ''सभी के लिये हाथ स्वच्छता'' Hand Hygiene for All. कोविड–19 रोग के संक्रमण के दृष्टिगत विशेष सावधानियॉ अपनाते हुये 2 गज की दूरी सोशल डिस्टेन्सिग, मास्क सा साफ कपड़े से नाक एवं मुहं को ढक कर एवं साबुन से हाथों की सफाई के प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुये सार्वजनिक स्थलों पर बिना किसी भी चीज अथवा सतह को छुये गतिविधियों को सम्पादित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु शासन से दिशा निर्देश प्राप्त हुये है। शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों की छायाप्रति संलग्न (पत्र संख्या 4092 / सत्तर–3–2020–08(51) / 2020, दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 ) है।

कृपया उपरोक्तानुसार सुनियोजित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

**संलग्नकः** यथोपरि।

(उमानाथ)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / उपकुलसचिव।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
3. मीडिया प्रभारी।
4. सहायक अभियन्ता।
5. प्रोग्रामर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्याल की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के कालेज लागिन पर प्रेषित कराने का कष्ट करें।
6. समस्त प्रशासनिक अधिकारी / प्रधाान सहायक / प्रभारी।
7. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
8. पत्रावली।

(उमानाथ)
कुलसचिव

Scanned with CamScanner

**Join our Cloud HD Video Meeting**
Zoom is the leader in moder...
us02web.zoom.us

DSW Office (Dr. Rammanohar Lohia Avad University)is inviting you to a scheduled Zoom meeting.

Topic: " विश्व हाथ धुलाई दिवस "


Time: Oct 15, 2020 09:30 AM India

Join Zoom Meeting
https://us02web.zoom.us/j/8899854176?pwd=YWk2c0d1UVpMbGdpN0lhQmk3am5NZz09

Meeting ID: 889 985 4176
Passcode: DSW123

3:15 PM

+91 99350 31752 ~GEETIKA




Scanned with CamScanner

शीर्ष प्राथमिकता

संख्या–4092/सत्तर–3–2020–08(51)/2020

प्रेषक,

मोनिका एस.गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3– कुलसचिव,
समस्त निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश।

14/10/2020

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 13 अक्टूबर, 2020

**विषयः–दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' पर जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि 15 अक्टूबर, 2020 को 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' साबुन और साफ पानी से हाथ धुलाई के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और व्यवहार परिवर्तन संचार के लिए समर्पित है। इस वर्ष 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' का विषय है **"सभी के लिए हाथ स्वच्छता" Hand Hygiene for All.** कोविड–19 रोग के संक्रमण के दृष्टिगत विशेष सावधानियां अपनाते हुये 2 गज की दूरी सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क या साफ कपड़े से नाक एवं मुहं को ढक कर एवं साबुन से हाथों की सफाई के प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुये सार्वजनिक स्थलों पर बिना किसी भी चीज अथवा सतह को छुये गतिविधियों को सम्पादित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा–निर्देश प्राप्त हुए हैं।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को विश्व हाथ धुलाई दिवस के रूप में मनाते हुए निम्नलिखित कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गयी है:–

i. समस्त राज्य विश्वविद्यालय प्रातः 10:00–11:00 बजे तक अपने सहयुक्त महाविद्यालयों के साथ वेबिनार आयोजित करेंगे। इसमें व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्वच्छता तथा साबुन एवं साफ पानी से हाथ धुलाई के महत्व के बारे में जागरुता बढ़ाने और व्यवहार परिवर्तन प्रोत्साहित करने हेतु चर्चा की जायेगी जिसमें इस पर विशेष बल दिया जाये कि विकास एवं अच्छे जन स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्यप्रद परिवेश आवश्यक है।

Scanned with CamScanner

विश्वविद्यालय कृत कार्यवाही की रिपोर्ट संलग्न प्रारूप–1 पर प्रातः 11:30 बजे तक उच्च शिक्षा विभाग की ई–मेलworldhandwashingday@gmail.com पर उपलब्ध करायेंगे।

ii. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अपने समस्त छात्रों एवं उनके अभिभावकों के हितार्थ 12:00 से 1:00 बजे के मध्य विभिन्न प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए वेबिनार/वर्चुअल बैठकें आयोजित की जायेगी। इसमें साबुन और साफ पानी से हाथ धुलाई के चरणों का प्रदर्शन किया जाएगा उदाहरणतः SUMAN- K के अनुसार सीधा, उलटा, मुठ्ठी, अगुठा और कलाई को साफ करना बताया जा सकता है। इस दौरान महाविद्यालय कक्षावार अलग–अलग ग्रुप बनाकर आनलाइन चर्चाएं कर सकते है।

महाविद्यालय कृत कार्यवाही की रिपोर्ट संलग्न प्रारूप–2 पर दोपहर 01:30 बजे तक उच्च शिक्षा विभाग की उक्त ई–मेल पर करेंगे।

iii. अपरान्ह् 2:00 बजे से 4:00 बजे तक विश्वविद्यालय स्तर पर तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन ऑनलाइन किया जाना हैं:–

(1) पोस्टर प्रतियोगिता

(2) स्लोगन प्रतियोगिता (अधिकतम 20 शब्द)

(3) कहानी/लेख प्रतियोगिता (अधिकतम 200 शब्द)

उक्त तीनों प्रतियोगिताओं में प्राप्त प्रविष्टियों का ऑनलाइन मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा और हर प्रतियोगिता में तीन उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कार पाने वाले छात्र का विवरण, फोटो एवं पुरस्कृत प्रविष्टि विश्वविद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट पर सायं 6:00 बजे तक अपलोड की जाएगी।

इनकी कृत कार्यवाही की रिपोर्ट विश्वविद्यालय द्वारा उक्त ई–मेल पर संलग्न प्रारूप–3–5 पर सायं 6:00 बजे तक उपलब्ध कराई जायेगी।

3– राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विश्व हाथ धुलाई दिवस के दौरान समुदाय एवं बच्चों में प्रतिदिन व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जायेगा। बच्चों के माध्यम से उनके परिवार एवं समुदाय में इन आदतों का विकास कर व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जायेगा। जरूरतमंदो/गरीबों के लिए महाविद्यालयों में साबुन दानपात्र की स्थापना की जायेगी एवं इस कोविड–19 आपदा में कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए 2 गज की सामाजिक दूरी, मास्क पहनने के साथ–साथ 40 सेकेण्ड तक साबुन व पानी से हाथों की सफाई को जन जन तक पहुँचाने का काम किया जायेगा।

4– दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को प्रत्येक विश्वविद्यालय आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की छोटी वीडियो क्लिप बना लें एवं सामूहिक कार्यक्रमों की फोटो भी उक्त ई–मेल पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

5– उक्त कार्यक्रमों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण शासन स्तर से ऑनलाइन किया जायेगा। इसकी संकलित आख्या सायं 08:00 बजे तक उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.uphed.gov.in पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा अपलोड की जायेगी।

कृपया व्यक्तिगत ध्यान देकर उपरोक्तानुसार सुनियोजित कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त

भवदीया,

13/x

( मोनिका एस. गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या– 4092 (1)/सत्तर–3–2020, तद्दिनांक:**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय।

आज्ञा से,

( योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी )
विशेष सचिव।

Scanned with CamScanner

प्रारूप–1 विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वेबिनारः–

| क0सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विशेषज्ञ/वक्ताओं की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | महाविद्यालय | व्यक्ति |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

प्रारूप–2 विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों/अभिभावकों द्वारा हाथ धुलाई का प्रदर्शनः–

| क0सं0 | महाविद्यालय का नाम | प्रतिभागी शिक्षकों की संख्या | प्रतिभागी विद्यार्थियों की संख्या | प्रतिभागी अभिभावकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

प्रारूप–3 विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की पोस्टर प्रतियोगिताः–

| क0सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विद्यार्थियों का स्थान | विद्यार्थियों का नाम | पोस्टर अपलोड किया गया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |
| 2 | | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |

प्रारूप–4 विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की स्लोगन प्रतियोगिताः–

| क0सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विद्यार्थियों का स्थान | विद्यार्थियों का नाम | स्लोगन लिखे (अधिकतम 20 शब्द) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |
| 2 | | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |

प्रारूप–5 विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की कहानी/लेख प्रतियोगिताः–

| क0सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विद्यार्थियों का स्थान | विद्यार्थियों का नाम | कहानी/लेख (अधिकतम 200 शब्द) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |
| 2 | | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |

Scanned with CamScanner